# राज्य स्तर पर 4 सदस्यीय विशेष समिति गठित

**जालोर,**(कासं)। राजस्थान निर्वाचन विभाग एवं भारत निर्वाचन आयोग की गतिविधियों तथा क्रियाकलापों सहित लोकसभा और राज्य विधानसभा से सम्बंधित चुनावी प्रक्रिया के बारे में जन संचार माध्यमों में भ्रामक अथवा गलत खबरों, सूचनाओं (फेक न्यूज) के प्रसारण को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इसके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलक्टर) को निर्देश जारी किए हैं.

महाजन ने निर्वाचन विभाग में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रसारित चुनाव संबंधी सूचनाओं की मॉनिटरिंग एवं कार्यवाही के लिए राज्य स्तर पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में एक चार-सदस्यीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति गठित की है। यह समिति मीडिया में प्रकाशित भ्रामक जानकारी एवं गलत तथ्यों वाले समाचारों के बारे में जिला स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के लिए समन्वय का कार्य करेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जिलों में विभिन्न मीडिया माध्यमों यथा समाचार-पत्र पत्रिकाओं, समाचार चैनल और सोशल मीडिया की नियमित रूप से प्रभावी निगरानी की जाए। इसके लिए जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन समिति (डीएमसीएमसी) सक्रिय रहकर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया माध्यमों पर निर्वाचन आयोग और चुनावी प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रकाशित अथवा प्रसारित संवेदनशील खबर और सूचना विशेष पर नजर रखे। किसी भ्रामक, गलत अथवा संदेहास्पद सूचना के प्रकाशन पर त्वरित संज्ञान लेकर सम्बंधित विभाग अथवा शाखा से उसका तथ्यात्मक विवरण प्राप्त कर सही जानकारी एवं तथ्य सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किए जाएं।

# 18 स्पेशल ट्रेनों से एक लाख से ज्यादा यात्री पहुंचे महाकुंभ

**जोधपुर,** (कासं)। भारतीय रेलवे द्वारा महाकुंभ मेला 2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रयास किए गए। रेलवे के बेहतर प्रबंधन और विशेष व्यवस्थाओं के फलस्वरूप महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों को सुगम रेल परिवहन के साथ-साथ बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान की गई। गत 13 जनवरी को प्रथम स्नान से लेकर 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ में भारतीय रेलवे द्वारा बडी संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। रेलवे द्वारा चलाई गई स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से लाखों यात्रियां ने विभिन्न स्थानों से प्रयागराज महाकुंभ में पहुंच कर आस्था के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाई। महाकुंभ मेला 2025 में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिउ उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 18 स्पेशल ट्रेनों के 27 ट्रिप का संचालन किया गया जिसमें लगभग एक लाख से ज्यादा यात्री लाभान्वित हुए।

# जालोर में रीट परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न, बसो में रही भीड़

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर रीट परीक्षा 2025 का आयोजन गुरुवार को दो पारी में शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। जिला प्रशासन ने इस बार कडाई के साथ अभ्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा गुरूवार को जिले में आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) में जिले के 26 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम एवं द्वितीय पारी में शांति पूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि प्रथम पारी में जिले के 16 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 3399 परीक्षार्थियों में से 3064 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पारी में 21 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 4839 परीक्षार्थियों में से 4586 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनो परियों में कुल 92.86 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहें। उन्होनें बताया कि 28 फरवरी को लेवल-2 (कक्षा 6 से 8) तृतीय पारी (प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक) आयोजित होगी।

परीक्षा केन्द्रो पर इस बार कडी के साथ प्रवेश दिया गया। अभ्यार्थियों का फेस स्केन करने के साथ पूरी जांच के बाद ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेशदिया गया। हायर सैकेंडरी स्कूल सहित अन्य जगह एक मिनट देरी से आने वाले अभ्यार्थियों को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया गया। निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र का गेट बंद होने पर परीक्षा विनती करते रहे। लेकिन पुलिस द्वारा यही कहा गया कि हम अपनी नौकरी खतरे में नही रख सकते है इसके बाद देर से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नही दिया गया। परीक्षा केन्द्र पर महिलाओं को अपनी चुन्नी, कानो व नाक के गहने, अंगुठी, वही हाफ आस्तीन कर परीक्षा केन्द्र पर जाने दिया गया। रीट परीक्षा के चलते बसो में भीड नजर आई वही रोडवेज बस स्टेण्ड व हॉस्पीटल चौराहा पर अभ्यार्थियो की भीड नजर आई वही अपने गतंव्य स्थान पर जाने के लिए अभ्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पडा।

जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी ने बताया कि रीट परीक्षा दो दिन आयोजित की जा रही है गुरुवार को दो पारी में तथा शुक्रवार को एक पारी में रीट परीक्षा आयोजित होगी। जिसको लेकर जालोर में 17 परीक्षा केन्द्र बनाये गये। इसके अलावा आहोर में छह, गोदन में एक व सायला के मांडवला में दो परीक्षा केन्द्र बनाये गये।

## सार-समाचार

### व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण आयोजित

**जालोर,** (कासं)। केन्द्रीय सहकारी बैंक लि., जालोर के प्रधान कार्यालय में राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राईसेम), जयपुर द्वारा सहकारी समितियों के व्यवसाय विविधिकरण के लिए किये जाने वाले संभावित नवाचारों एवं अन्य सामूहिक विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राईसेम, जयपुर से प्रशिक्षण के लिए आए सहायक रजिस्ट्रार राजकुमार शर्मा ने समिति व्यवस्थापकों से समिति में किये जा सकने वाले संभावित नवाचारों यथा- सहकारी समितियों को मल्टी स्टेट सोसायटियों एनईसीएल, एनओसीएल, बीबीएसएसएल की सदस्यता लेने, एनसीसीएफ, एनएएफईडी, एनसीडीसी पोर्टल पर समितियों का रजिस्ट्रेशन करने, समितियों को एलपीजी वितरण एजेन्सी, पेट्रोल पम्प हेतु आवेदन करने, समितियों को खाद-बीज व कीटनाशक लाईसेंस लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में बैंक के प्रबन्ध निदेशक नारायणसिंह चारण ने बजट घोषणा में सहकारिता विभाग से संबंधित घोषणाओं से संबंधित प्रस्ताव यथा - गोदाम निर्माण, कस्टम हायरिंग सेन्टर आदि के प्रस्ताव इत्यादि संपूर्ण तैयार कर अतिशीघ्र प्रधान कार्यालय में भिजवाने हेतु समिति व्यवस्थापकों को पाबंद किया गया।

### जेडीए द्वारा राजीव गांधी नगर योजना के भूखण्ड़ां की नीलामी जारी

**जोधपुर।** जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भव्य ई-नीलामी माह फरवरी-अप्रैल 2025 के अन्तर्गत विभिन्न आवासीय, व्यावसायिक, मल्टीस्टोरी एवं सुविधा क्षेत्रों के भूखण्ड़ों की नीलामी के क्रम में गुरूवार को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर जे के 05 भूखण्ड़ां को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया। प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आज शुक्रवार को राजीव गांधी नगर सेक्टर-जे के भू.सं. 152, 153, 178, 179 एवं 204 की नीलामी की जाएगी। ई-नीलामी में राजीव गांधी नगर योजना के भूखण्ड़ों हेतु मंगलवार की तरह गुरूवार को भी न्यूनतम विक्रय दर से लगभग दो गुनी 19700/-रूपये प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। आवेदकां द्वारा शुक्रवार को प्रस्तावित भूखण्ड़ों की ई-नीलामी हेतु नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा चुके आवेदकों द्वारा शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे तक ऑनलाईन बिड लगाते हुए नीलामी में भाग लिया जा सकता है। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

### बकाया लीज 30 सितम्बर तक जमा करवाने पर ब्याज पर शत्-प्रतिशत छूट

**जोधपुर।** नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार द्वारा पारित आदेशों के क्रम में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आवेदकां को बकाया लीज राशि दिनांक 30 सितम्बर 2025 तक एकमुश्त जमा करवाये जाने पर ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने बताया कि नगरीय विकास विभाग द्वारा आदेश जारी करते हुए राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959, राजस्थान सुधार न्यास शहरी भूमि निस्तारण नियम 1974 के तहत् समस्त विकास प्राधिकरणों की 31 मार्च 2024 तक की बकाया लीज राशि दिनांक 30 सितम्बर, 2025 तक एकमुश्त जमा कराये जाने पर ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट एतदद्वारा प्रदान की गई है।

### झोलाछाप डॉक्टरो के खिलाफ कार्यवाही

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर अवैध रूप से क्लिनिक चला रहे झोलाछाप पर चिकित्सा विभाग की कार्रवाई की। मंडार के रायपुर गाँव में चिकित्सा विभाग टीम ने की कार्रवाई, रायपुर में क्लिनिक संचालक चंचल पुत्र रविन्द्र नाथ चला रहा था अवैध क्लिनिक, रायपुर गाँव के एक मकान में दो दुकान किराए पर लेकर संचालित कर रहा था अवैध क्लिनिक, लेकिन चिकित्सा विभाग की टीम के पहुंचने पर मोके से फरार हुआ। झोलाछाप, टीम के क्लिनिक में पहुंचने पर एक महिला का चल रहा था।

# एफआरटी कर्मी की मौत को लेकर मचा बवाल

**पोकरण,** (कासं)। पोकरण में बुधवार देर शाम को डिस्कॉम के एफआरटी कर्मचारी की करंट लगने से गीताभवन के पास विद्युत विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में विद्युत फॉल्ट निकालते समय मौत हो गई। हादसे के बाद अन्य लोगों ने युवक को पोकरण जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज शाम 6.10 पर एफआरटी कार्मिक मनीष(21) पुत्र जगदीश सेन निवासी गीता भवन के करीब बिजली फॉल्ट ठीक कर रहा था। इसी दौरान बंद बिजली को अचानक विद्युत प्रवाहित तारों में करने के कारण हादसा हुआ। एफआरटी कर्मचारी विद्युत पोल पर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों की निगरानी में फॉल्ट सही कर रहा था । अचानक यह हादसा होने पर मनीष पोल से नीचे गिर गया तथा मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन पोकरण चिकित्सालय के बाहर एकत्रित हो गए और डिस्कॉम अधिकारीयों पर लापरवाही के कारण हादसे का आरोप लगाया। घटना के बाद पोकरण डिस्कॉम कार्यालय के बाहर भी परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। घटना की सूचना के बाद पोकरण पुलिस हॉस्पीटल पहुंची और पोकरण डिस्कॉम कार्यालय के बाहर भी पुलिस बल तैनात किया गया।

हादसे की सूचना पर पोकरण डिप्टी भवानी सिंह मय पुलिस जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे , वही उपखंड अधिकारी प्रभोत सिंह गिल, पोकरण तहसीलदार विश्वेंद्र चारण, करणी सेना के जिला अध्यक्ष साग सिंह गडडी , महेश गुचिया, अनिल व्यास, मोचरी के आगे पहुंचकर परिजनों एवं शहर के लोग विद्युत विभाग एवं प्रशासन के खिलाफ रोष जता रहे हैं, वही समाचार लिखे जाने तक विद्युत विभाग के अधिकारियों से उपखंड अधिकारी संपर्क में लगे हुए हैं अधिकारी मृतक को छोडकर वहां से चलते बने, मानवता को शर्म सार करने वाली घटना को लेकर मोचरी के आगे बैठे परिजनो व लोगों में गहरा रोष है, समाचार लिखे जाने तकलगभग 5 घंटे से विद्युत आपूर्ति बंद होने से पूरा शहर अंधेरे में डूबा हुआ है।

धरना प्रदर्शन स्थल पर 20 घंटे बाद सरकार व प्रशासन एवं एफआरटी टीम के बीच हुई वार्ता के दौरान मृतक के परिजनों की मांगों को मानते हुए मृतक का पोस्टमार्टम एवं 24 लाख रुपए में से 15 लाख रुपए नगद एवं 900000 ,10 दिन के भीतर देने कि पूर्व विधायक साग सिंह भाटी ने जबाव दारी ली एवं परिवार के एक आदमी को संविधान नौकरी पर सहमति उपखंड अधिकारी प्रमोत सिंह गिल, तहसीलदार विश्व प्रकाश चारण, पुलिस उप अधीक्षक भवानी सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, पंचायत समिति सांकडा प्रधान भगवत सिंह, मूल ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष रीटायड कैप्टन अचल दास, भाजपा के युवा नेता पूर्व सरपंच मदन सिंह राठौड, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आनंदीलाल गुचिया, व्यापार संघ के अध्यक्ष राजेश व्यास, युवा नेता महेश गुचिया, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेद सिंह तंवर,करणी सेवा के जिला अध्यक्ष सॉग सिंह गड्डी, पार्षद नारायण रंगा, सेन समाज के अध्यक्ष देवकिशन, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आर्य वीरो ने बोधोत्सव मनाया

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के सुंदेलाव तालाब स्थित आर्य वीर दल, हनुमान व्यायामशाला में आर्य वीर दल व आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का बोधोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आर्य वीरांगाना दिव्या सोनी के सानिध्य में यज्ञ हुआ। आर वीर दल राजस्थान संचालक विनोद आर्य ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद ने समाज में व्याप्त कुरीतियों से मुक्ति पाने के वेदों की ओर लौटो का नारा दिया। स्वामी दयानंद सरस्वती उन महापुरुषों में एक है। उन्होनें स्त्री शिक्षा, छुआछूत मिटाने, बाल विवाह रोकने आदि की शिक्षाएं दी। आर्य ने कहा कि गुजरात में पैदा हुए मूल शंकर आज ही के दिन सच्चे शिव की खोज में निकले थे। वह देश परदेश में घूमे गुरु विरजानंद से मथुरा में शिक्षा प्राप्त कर महर्षि दयानंद बने। महर्षि दयानंद ने जीवन भर वैदिक शिक्षा पर जोर दिया। आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि महर्षि दयानंद जैसा कोई भी दुनिया में हुआ है ना होगा। हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। विनोद आर्य व गौरव आर्य की ओर से प्रसाद की व्यवस्था की गई।

# तीन दिवसीय क्रीडा महाकुंभ का शुभारंभ

■ जालोर की ओर से तीन दिवसीय क्रीडा महाकुंभ 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ

**जालोर,** (कासं) शहर के भगत सिंह ग्राउंड में सेंट एन्स सेकेंडरी स्कूल, जालोर की ओर से गुरुवार को तीन दिवसीय क्रीडा महाकुंभ 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार परमार एडीईओ जालोर थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ. वेद प्रकाश मीणा, डॉ. धर्मेंद्र चौधरी, डॉ. अजाराम चौधरी, निम्ब सिंह राजपुरोहित (राजस्थान पुलिस), किशोरराम चौधरी (राजस्थान पुलिस) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं विद्यालय प्राचार्य किशोर राजपुरोहित द्वारा परेड सलामी, ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण से की गई। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ क्रिकेट मैच से हुआ, जिसका टॉस खेल समन्वयक हरिओम द्वारा करवाया गया।

गुरुवार को पहले दिन जूनियर वर्ग में नींबू दौड और 50 मीटर दौड, जबकि सीनियर वर्ग में क्रिकेट, खो-खो और कबड्डी की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार परमार ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास का भी माध्यम हैं। हर छात्र को खेलों में भाग लेना चाहिए, क्योंकि यह अनुशासन और टीम वर्क सिखाता है। विद्यालय के प्राचार्य किशोर राजपुरोहित ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण है खेल भावना, जो जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देती है। वही प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया।

जीत दर्ज करने वाली टीमें अगले चरण में पहुंचीं। क्रिकेट प्रतियोगिता में टीम कप्तान-कार्तिकेय राजपुरोहित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा और बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण पिंकी राजपुरोहित, भगवती सुंदेशा, अध्यापक अविनाश , मीनाक्षी, वशिष्ठ , सपना , शीतल, कविता , रेखा, कृष्णा, कोमल, लता, किरण , दीपक , ईश्वर , अशोक , तरुण सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

प्रपत्र संख्या 7
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग जोधपुर (राज.)**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
**नोटिस**
पत्रावली संख्या :- 13 /2025 / जालोर
वास्ते :- **कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु**
**नरपतराज भण्डारी** ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (1) के अन्तर्गत **श्री महावीर जीवदया गौशाला, प्रथम चरण आधोगिक क्षेत्र, जालोर** प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिए निवेदन किया है । अत: एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत् शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे, इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तिया , यदि कोई हो,प्रस्तुत करें । आगामी पेशी तारीख 08.04.2025 की रखी गई है । और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन प्रत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रस्ति मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा । आज दिनांक 03.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया ।
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग जोधपुर

# शिव शंकर के जागरण में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

**धोरीमना,** (कासं)। कस्बे में स्थित माहेश्वरी समाज हनुमान मंदिर के पास स्थित शिव शंकर भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में विशाल जागरण का आयोजन किया गया । जिसमें भजन गायक रामाराम सारण दूधू, रमेश सोलकी धोरीमन्ना, द्वारका प्रसाद सोनी, दिनेश जागूं,उदय गौड सहित कई भजन कलाकारों ने शिव शंकर भोलेनाथ के भजन, बालाजी के भजन व हनुमान जी के भजनों की शानदार भजनों की प्रस्तुतियां पर श्रद्धालु झूम उठे, नुमान मंदिर पुजारी कालुराम सिडोलिया ने विशेष पूजन पाठ करवाया एवं मंदिर प्रांगण में सुबह से शाम तक अनवरत आना जारी रहा सैकडों श्रद्धालुओं से मंदिर जयकारों से गुंजायमान हो उठां भजन संध्या में महेन्द्र राठी, गोतम माली,प्रकाश मालू, बालाराम राजपुरोहित, राणाराम राजपुरोहित, अमरतलाल राजपुरोहित, मगराज राजपुरोहित, ठाकराराम राजपुरोहित, केसाराम सुथार,नारायण लाल राजपुरोहित, जितेन्द्र वडेरा, मगराज राजपुरोहित, सहित सैकडों ग्रामीण व श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिव के दर्शन पुजन का लाभ लिया। वही धोरीमना उपखंड मुख्यालय पर रघुकुल विद्या मंदिर धोरीमना में शिवरात्रि के अवसर पर झांकियां का आयोजन किया गया ।

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.03.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाडमेर, बालोतरा राजस्थान, 135580730018637, बाडमेर, 138040700003658, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 114110700046274, 6332, 6344, महा मंदिर सर्कल, 123010700037673, 7676, 7734, 7740, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700015974, 6011, 135610730012980, 2993, सरस्वती नगर जोधपुर, 124320700036485, 6488, 6541, 6545, 6551, 6558, 6599, 124320750000121, पाली, मानड्यिा रोड, 115370730024924, 4925, 4993, 115370750000157, सुमेरपुर, 135550700012701, 2709, 135550730022442, 2443, 2453, सूरजपोल पाली, 115410700027928, 7954, 7973, सिरोही, आबू रोड, 138340750000040, बायपास रोड सिरोही, 138070730006140, 138070750000187, गौशाला रोड शिवगंज, 137980700003823, 137980730008841, 8957, 137980750000148, 0155, 137980780000067, सिरोही राजस्थान, 119970700021072,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

# जालोर में स्माईल डेटल केयर का शुभारंभ

**जालोर,** (कासं)। जालौर शहर के पोलजी नगर में स्माइल डेंटल केयर का कांग्रेस नेता पुखराज पाराशर व पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह बालावत के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। इस मौके जन अभाव अभियोग के समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि जालोर चिकित्सा के क्षेत्र में पिछडा हुआ है इस तरह के चिकित्सालय या क्लिनिक खुलने से लोगो को बाहर जाना नहीं पडेगा शहर में ही चिकित्सा सुविधा मिल जाएगी जिससें आम जनता को फायदा मिलेंगा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह बालावत ने कहा कि जालौर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि बेहतर चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय लोगों को बडी सहूलियत प्रदान करेंगी। स्माइल डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ इस दिशा में एक सकारात्मक पहल है। बालावत ने कहा कि जालौर को चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढाने की जरूरत है। इस तरह के क्लिनिक खुलने से न केवल स्थानीय निवासियों को लाभ मिलेगा, बल्कि जालौर के युवाओं को भी चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलेंगा। डॉक्टर आरजू सैय्यद ने बताया कि जालौर शहर में महिलाओं के लिए विशेष अलग से हॉस्पिटल है। इस मौके पूर्व ग्रेनाइट एसोसिएशन अध्यक्ष राजू चौधरी, दशरथ चौधरी , चैतराराम सुथार, संजीव चौधरी ,कनिष् चौधरी, नारायण लाल अध्यापक , सिकंदर अली सैय्यद ,शहजाद अली सैय्यद, मानसिंह ,जेपी अग्रवाल, नवीन पाराशर, धीरज, विधा भारती के निदेशक केएन भाटी ,मधु मेडम, शैलजा माथूर, हेमेंद्र, नरेंद्र परमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिका बिलाड़ा जिला-जोधपुर**

कमांक-नपाबि/भवन निर्माण व नामान्तरण/2024-25/6215 — दिनांक :- 20.02.2025

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | जाति | पता | वर्गमीटर | उत्तर | दक्षिण | पुर्व | पश्चिम | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोपी लाल जी जोगाराम जी | सीरवी | बस स्टेण्ड बिलाड़ा | 40.19 | सुजानसिंह पुत्र किशनलाल जी सीरवी का भवन | द्वितीय पक्षकार जोधाराम के हिस्से में आया प्लोट | ओम प्रकाश बगैरा सीरवी का प्लोट है। | निकाल व आम रास्ता | भवन निर्माण |
| 2 | श्री मोहन लाल पुत्र श्री किशन लाल | सीरवी | दीवान रोहितदास नगर बिलाड़ा | 166.66 | प्लोट न.74 आया हुआ है। | प्लोट न.72 आया हुआ है। | प्लोट का निकाल व 30 फिट चौडा रास्ता आया हुआ है। | प्लोट न. 80 आया हुआ है। | भवन निर्माण/ नामान्तरण |
| 3 | जोधाराम जी पुत्र श्री जोगाराम जी | सीरवी | बस स्टेण्ड बिलाड़ा | 40.19 | सुजानसिंह पुत्र किशनलाल जी सीरवी का भवन | जोधुर अजमेर रोड (बस स्टेण्ड चौराहा स्थित है।) | ओम प्रकाश माधवसिंह पुत्र धन्नाराम सीरवी का प्लोट है। | जोधुर अजमेर रोड (बस स्टेण्ड चौराहा स्थित है।) | भवन निर्माण |
| 4 | चेनाराम पुत्र श्री जोगाराम जी | सीरवी | बस स्टेण्ड बिलाड़ा | 37.71 | सुजानसिंह पुत्र किशनलाल जी सीरवी का भवन | जोधुर अजमेर रोड (बस स्टेण्ड चौराहा स्थित है।) | ओम प्रकाश माधवसिंह पुत्र धन्नाराम सीरवी का प्लोट है। | जोधुर अजमेर रोड (बस स्टेण्ड चौराहा स्थित है।) | भवन निर्माण |
| 5 | सुजान राम पुत्र श्री दौलाराम | सीरवी | सिद्दी विनायक नगर बिलाडा | 166.66 | प्लोट न.145 आया हुआ है। | प्लोट न.143 आया हुआ है। | प्लोट न.139 आया हुआ है। | प्लोट का निकाल व 30 फिट चौडा रास्ता आया हुआ है। | भवन निर्माण/ नामान्तरण |
| 6 | रतनलाल जी पुत्र श्री जोगाराम जी | सीरवी | बस स्टेण्ड बिलाड़ा | 39.24 | सुजानसिंह पुत्र किशनलाल जी सीरवी का भवन | जोधुर अजमेर रोड (बस स्टेण्ड चौराहा स्थित है।) | ओम प्रकाश माधवसिंह पुत्र धन्नाराम सीरवी का प्लोट है। | जोधुर अजमेर रोड (बस स्टेण्ड चौराहा स्थित है।) | भवन निर्माण |
| 7 | उतम चन्द राठौड पुत्र श्री टीकम चन्द | सीरवी | सिद्दी विनायक नगर बिलाडा | 168.05 | प्लोट का निकाल व 30 फिट चौडा रास्ता आया हुआ है। | अन्य कृषि भूमि आई हुई है। | प्लोट न. 196 आया हुआ है। | प्लोट का दुसरा निकाल व आगे 30 फिट चौडा रास्ता आया हुआ है। | भवन निर्माण/ नामान्तरण |
| 8 | श्री मनोज राठौड पुत्र श्री श्री टीकम चन्द | सीरवी | सिद्दी विनायक नगर बिलाडा | 135.63 | प्लोट का निकाल व 30 फिट चौडा रास्ता आया हुआ है। | कृषि भूमि आई हुई है। | प्लोट न. 197 आया हुआ है। | प्लोट न. 195 आया हुआ है। | भवन निर्माण/ नामान्तरण |
| 9 | श्रीमती कंवराई पत्नी श्री मानाराम | सीरवी | जोधपुर रोड चुंगी नाका से आगे बिलाड़ा | 27.88 | वाणिज्यिक प्लोट न.09 स्थित है। | आप खरीददारा कों बेचा गया इसी | जोधपुर जयपुर आम डामर सडक स्थित है। | आप खरीददारा का आवासीय प्लोट न.03 स्थित है। | भवन निर्माण/ नामान्तरण |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69 ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
राज.संवाद/सी/24/12334 — **अधिशाषी अधिकारी**

# आशीर्वाद समारोह का हुआ आयोजन

**पोकरण/रामदेवरा,** (कासं)। परीक्षा सफलता की और बढने का माध्यम है ।परीक्षा को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करने वाला ही अपने लक्ष्य को हासिल करता है। परीक्षा में सिर्फ अंकों के प्रतिशत ही प्रधान नहीं होते हैं। विद्यार्थियों को हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए, परिणाम जो भी हो अच्छा ही होगा। उपरोक्त उदगार पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामदेवरा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह अवसर पर डॉ अनिल बिश्नोई ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गणेशीलाल व्यास ने विद्यालय में सीखी गई बातों को जीवन में उतारकर निरंतर आगे बढने का आव्हान किया।



## नशीला पदार्थ देकर महिला से दुष्कर्म

**नोखा।** थाने में एक महिला ने टैक्सी चालक और उसके साथियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि रात में वह अपनी बेटी और बेटे के साथ रेलवे स्टेशन के सामने खड़ी थी। इसी दौरान कानसिंह नाम का टैक्सी चालक वहां आया और चरकडा छोड़ने का वादा कर उन्हें टैक्सी में बिठा लिया।

रास्ते में कानसिंह ने महिला को नशीले पदार्थ मिला पानी दिया। बेहोश होने पर उसे नोखा स्थित करणीनगर के घर ले गया। वहां आरोपी ने दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो व फोटो बना लिए। कानसिंह की मां गीताकंवर भी इस षड्यंत्र में शामिल थी, जो महिला को खाने-पीने में नशीली दवाएं देती थी। बाद में दोनों ने महिला को नोखा के उगमपुरा स्थित मकान में ले गए। वहां भी कानसिंह ने कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी महिला की नाबालिग बेटी से भी छेड़छाड़ करता था। विरोध करने पर मां-बेटी दोनों की पिटाई करता था। एक अन्य आरोपी गणेश जाट ने भी चार महीने पहले महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने महिला का हाथ तोड़ दिया। पीडिता 23 फरवरी 2025 को अपनी बेटी के साथ वहां से भागने में सफल रही।


# डीडवाना में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**डीडवाना।** जिले में परबतसर उपखण्ड क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बडी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिले के परबतसर थाना क्षेत्र के एक खेत में अवैध रूप से अफीम

- **खेत में की जा रही अफीम की खेती पर पुलिस का छापा**
- **3 बीघा खेत में हो रही थी अफीम की अवैध खेती**
- **खेत से अफीम के 78611 पौधे किए जप्त**

की खेती की जा रही थी, जिसका पुलिस ने खुलासा करते हुए अफीम के 78611 पौधे जब्त किए है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि अफीम के इन पौधों की बाजार में अनुमानित कीमत दो करोड़ रुपए है।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नशे की वस्तुओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली थी कि परबतसर थाना क्षेत्र के बांसड़ा गांव में पहाड़ी की तलहटी में अवैध रूप से अफीम की फसल बोई गई है, जिसे बाजार में बेचे जाने की योजना है। इस पर थाना अधिकारी जगदीश मीणा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। इस टीम ने खेत पर छापा मारा, जहां से आरोपी पांचूराम को गिरफ्तार किया गया। जबकि तीन आरोपी मौके से फरार हो गए। इस कार्रवाई में 3 बीघा खेत में अफीम की खेती पाई गई। इस दौरान पुलिस ने मौके से अफीम के 78611 पौधे जब्त किए, जिन्हें आरोपी बाजार में बेचने वाला था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



परबतसर पुलिस ने खेत में की जा रही अफीन की खेती को जब्त किया।

## नशे में धुत बस ड्राइवर ने अफरा तफरी मचाई

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान रोडवेज के नशे में धुत एक बस ड्राइवर ने अफरा तफरी मचा दी। बस जयपुर से भरतपुर होकर सौंरोजी जानी थी। बस चालक ने सेवर मार्ग पर चामड़ मन्दिर के पास बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हालांकि इसमें कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जयपुर डिपो की इस रोडवेज बस के ड्राइवर ने मेहंदीपुर बालाजी स्टॉपेज पर शराब पी थी। रास्ते में एक गाय को भी टक्कर दी। भरतपुर बस स्टैंड में बस को घुसाते समय भी बस की ओवरस्पीड से लोगो मे भगदड़ व अफरातफरी मच गई। बाद में सेवर थाना पुलिस ने आरोपी बस चालक देवेन्द्र पताप सिंह पुत्र बैंकटरमण राजपूत निवासी प्रताप नगर जयपुर को गिरफ्तार कर बस को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधन में जुटी हुई है।

बस की सवारियों का कहना था कि बस चालक काफी तेज गति में बस चला रहा था। जिसे भी मना भी किया कि गाडी धीमी चलाओ लेकिन चालक मानने को तैयार नहीं था। सेवर थाना अधिकारी धर्मसिंह ने बताया कि आरोपी बस चालक को हिरासत में लेकर थाने पर लाया गया। जहां ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट किया गया।

## थानेदार को चकमा देकर कार लेकर भागा तस्कर, खेत से दबोचा

**बीकानेर।** ग्रामीणों ने तस्कर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। इसके बाद वो थानेदार की कार लेकर पुलिस कस्टडी से भाग गया था। अब उसे वापस एक खेत से दबोच लिया गया है। तीन थानों की पुलिस उसे ढूंढ रही थी। मामला जिले के लूणकरणसर थाना इलाके का है। तस्कर रात को एक खेत में छिपा हुआ मिला था। उसे पुलिस ने पकड़कर गाड़ी में डाला और थाने ले गई। रातभर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात रहा। लूणकरणसर, महाजन और कालू पुलिस की टीमों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी खेतों में खोजबीन कर रहे थे। इस दौरान वो एक जगह छिपा हुआ मिल गया। ग्रामीणों ने उसकी पिटाई भी की। दरअसल,आईजी ओमप्रकाश पासवान की स्पेशल टीम की सूचना पर मंगलवार रात को कालू पुलिस ने भारत माला रोड पर गाड़ियों को रोककर चेकिंग शुरू की थी। देर रात एक कार को पुलिस ने भारत माला रोड पर रोका था। इस दौरान 2 युवक अंधेरे का फायदा उठाकर कार को छोड़कर भाग निकले। कार में 1050 किलो डोडा-पोस्त भरा था। आईजी ओम प्रकाश के आदेश पर मामले की जांच महाजन थानाधिकारी कश्यप सिंह राघव को सौंपी गई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने एक युवक गुरजंट को पकड़ लिया था। मामले की जांच थानाधिकारी कश्यप सिंह को सौंपी गई थी, गिरफ्तार गुरजंट को महाजन थानाधिकारी कश्यप सिंह को सौंप दिया गया। इसके बाद थानाधिकारी अपनी कार से तस्कर को लेकर गोपलियान गांव से होते हुए महाजन जा रहे थे।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सुमेरपुर, जिला - पाली**

क्रमांक : न.पा.सु/विकास/ई-निविदा/2024-25/ 13379 दिनांक 24.02.2025

**-: ई-निविदा 06/2024-25 सूचना :-**

नगरपालिका मण्डल, सुमेरपुर की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा द्वारा 06 विकास कार्यो की कुल लागत 104.00 लाख रूपये की निविदा आमंत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णतः निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ई-निविदा स्वीकृत अधिकारी को होगा। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते कार्यालय में एवं विभाग की वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व पढी जा सकती है।

जिनके **NIB No. DLB2425A5865**

जिनके **UBN No.** निम्नलिखित है:-

1. DLB2425WSOB18290
2. DLB2425WSOB18291
3. DLB2425WSOB18292
4. DLB2425WSOB18293
5. DLB2425WSOB18294
6. DLB2425WSOB18295

**Bid Selling Last Date** | **17-03-2025/ 10-00 am**

प्रशासक, नगरपालिका, सुमेरपुर — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, सुमेरपुर

राज.संवाद/सी/24/12322


## कैंसर अब लाइलाज नहीं, हो सकता है इलाज : डॉ मुकुन्द

### 'कैंसर की समय पर जांच एवं उपचार से 70 से 80 फीसदी मरीज ठीक हो रहे हैं'

**अजमेर** (कासं)। देश के प्रख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ मुकुन्द एन के ने कहा कि कैंसर बीमारी अब लाइलाज नहीं है कैंसर का हो सकता है इलाज। कैंसर की समय पर जांच एवं उपचार से 70 से 80 फीसदी मरीज ठीक हो रहे हैं।

कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मुकुंद आज नगर निगम अजमेर के वार्ड 62 शिव मंदिर भोपो का बाड़ा में फूल मालियांन पंचायत एवं आदिनाथ कैंसर मेडिसिटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कैंसर के प्रति जागरूकता विषय पर आमजन से चर्चा कर रहे थे, उन्होंने कहा कि कैंसर पूरी दुनिया के लिए समस्या है लेकिन समय पर इलाज जांच और उपचार होने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों की ओर से कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि आमजन भी इस बीमारी के प्रति जागरूक हो और लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि कैंसर की जांच के लिए बायोप्सी के साथ साथ बहुत से तरीके उपलब्ध है। जांच से पता चलने के बाद इस बीमारी को ठीक करने के लिए मुख्य रूप से आधुनिक मशीनों के साथ-साथ कीमोथेरेपी का सहारा लिया जाता है परंतु अब कुछ चुनिंदा किस्म के कैंसर में ही कीमोथेरेपी से उपचार किया जाता है।

उन्होंने कहा कि कैंसर बीमारी की जांच होने के बाद प्रारंभिक स्तर पर गभीरता से इलाज प्रारंभ नहीं करना घातक साबित हो सकता है। इस अवसर पर कैंसर विशेषज्ञ डॉ एस के यादव ने कहा कि अभी भी आम लोगों की धारणा है कि कैंसर ला इलाज बीमारी है इसलिए वह उपचार से कतराते हैं! जबकि वर्तमान में अनेक आधुनिक मशीनों दवाइयां एवं उपचार के तरीकों की मदद से कैंसर रोगियों को ठीक किया जा रहा है। है लोग जानकारी के अभाव में कीमोथेरेपी एवं कैंसर सर्जरी नहीं करना चाहते हैं और जानकार लोगों की सुनी सुनाई बातों से भ्रमित होते रहते हैं।

उन्होंने बताया कि बायोप्सी की जांच से कैंसर की जांच होती है न की फैलता है। इस भ्रांति के कारण कुछ बहुत से लोग इस बीमारी का जांच करवाने से कतराते हैं और कम समय में ही काल का ग्रास बन जाते हैं।

उन्होंने कहा कि शुद्ध शाकाहारी आहार नियमित व्यायाम एवं उचित परामर्श से कैंसर को बढ़ने से रोका जा सकता है।

अमित शास्त्री एवं सुनील जैन ने बताया कि नगर निगम अजमेर वार्ड 62 के नागरिकों को जागरूक करने के साथ-साथ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैंसर रोग की निःशुल्क जांच,केलेस्ट्रोल और खून की निशुल्क जांच, सामान्य दवाओं का निः शुल्क वितरण, अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परामर्श सामान्य रोगो का निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच की गई। शिविर में 150 से अधिक वार्डवासी लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन अजमेर के प्रभारी शिव कुमार बंसल फूल मालियांन पंचायत के अध्यक्ष रूपचंद सोलंकी दिलीप गहलोत, अरुण तुनवाल, रूपचंद महावर, दीपक खोरवाल, प्रेमचंद टॉक, कन्हैयालाल टॉक, विशाल भाटी,आलोक खंडेलवाल, मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान से ड्रोन से हेरोइन तस्करी का आरोपी पकड़ा

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर की श्रीकरणपुर पुलिस ने पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आई 2 किलो हेरोइन तस्करी के मामले में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने वांछित आरोपी संदीप सिंह को पंजाब के जलालाबाद से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में संदीप ने बताया कि उसने केसरी सिंहपुर थाना क्षेत्र में हेरोइन छिपा रखी है।

पुलिस ने उसकी निशानदेही पर ओ माइनर नहर के पास से 150 ग्राम हेरोइन बरामद की। केसरीसिंहपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। श्रीकरनपुर थाना अधिकारी रामप्रताप वर्मा के अनुसार एसपी सह डीआईजी गौरव यादव के निर्देशन में वांछितों की धरपकड़ का विशेष अभियान चल रहा है। तकनीकी सूचना और मुखबिर की मदद से पुलिस को संदीप के ठिकाने का पता चला। इस मामले में पुलिस पहले ही 7 आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

यह मामला जुलाई 2024 का है, जब गजसिंहपुर पुलिस ने पाकिस्तान से आई 2 किलो हेरोइन के साथ कुछ तस्करों को पकड़ा था। बाद में मामले की जांच श्रीकरणपुर पुलिस को सौंपी गई। पुलिस अब संदीप के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

## विहिप ने महामंडलेश्वर का किया सम्मान

**करौली।** करौली शहर के गुलाब बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारीयो ने कथावाचक महामंडलेश्वर का सम्मान किया

उन्होने बताया कि ब्रह्म ऋषि आश्रम चैनपुर के महामंडलेश्वर भगवान दास जी महाराज के द्वारा महाकुंभ में भरतपुर संभाग के लोगों के लिए निशुल्क रहने खाने की सुंदर व्यवस्थाओं को लेकर आमजन की विशेष चर्चाओं में रहने वाले संत अब गुलाब बाग में राधेश्याम शर्मा,देवेंद्र शर्मा,सुनील शर्मा कौशिक परिवार मचानी बालों के द्वारा आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के माध्यम से भागवत कथा का रसास्वादन करवाए जाने का कार्य किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद सनातनियों कि एकता,जागरूकता,विश्व शांति कि भावना एवं समृद्धि कि कामना को लेकर क्षेत्र में कथावाचक,धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले साधु,संतो एवं उपदेशकों को सम्मानित करने का कार्य जारी रखे हुए हैं। इसी श्रृंखला में महामंडलेश्वर संत भगवान दास महाराज का विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह,ऊधौ सिंह एडवोकेट,ओम प्रकाश सिंह रामपुरा के अलावा विहिप के उपस्थित सदस्यों के द्वारा संत भगवान दास को माला, शॉल एवं पटका उढाकर भव्य स्वागत किया।

## चौथी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

**कपासन।** कपासन में निर्माणाधीन मकान से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। हादसा बुधवार को दोपहर बाद हुआ। मृतक की पहचान गांव हिंगोरिया निवासी रामेश्वर लाल (37) के रूप में हुई है। रामेश्वर कस्बे के पीएनबी बैंक के पास बन रहे मकान पर काम कर रहा था। वह चौथी मंजिल पर निर्माण सामठी पहुंचाने वाली लिफ्ट मशीन पर था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी हरजीलाल यादव और एसएचओ रतन सिंह पहुंचे।

## 'निजी स्कूल एक दुकान से किताबें खरीदने को बाध्य नहीं करें'

**बीकानेर।** नया शिक्षा सत्र 2025-26 शुरू होने से महीने भर पहले जिले के निजी स्कूलों को संबंधित स्कूल में चलने वाली पुस्तकों की सूची, लेखक और प्रकाशक का नाम मूल्य के साथ अपने स्कूल के नोटिस बोर्ड व वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। निजी स्कूलों की ओर से एक ही पुस्तक विक्रेता से किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को पाबंद करने पर संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई होगी। नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले डीईओ माध्यमिक ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए सेशन में जिले के सभी निजी स्कूलों को इस गाइडलाइन की पालना करनी होगी। डीईओ माध्यमिक रामगोपाल शर्मा ने इस संबंध में सभी प्राइवेट स्कूलों के संस्था प्रधानों को निर्देश दिए हैं। दरअसल, हर सेशन में अभिभावकों की ओर से शिकायत की जाती है कि कुछ प्राइवेट स्कूल एक दुकान विशेष से पुस्तकें खरीदने के लिए पाबंद कर रहे हैं वहीं रेफरेंस बुक भी लागू की जा रही है। डीईओ के निर्देशानुसार प्राइवेट स्कूलों को संबंधित पुस्तकों की सूची व प्रकाशक और विक्रेताओं का नाम स्कूल की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना होगा। डीईओ ने सम्बन्धित यूसीईईओ व पीईईओ अपने क्षेत्र के विद्यालयों में दिशा निर्देशों दिये।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा

email :nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :-ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/637-650 दिनांक :- 21.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 28/2024-25**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित कार्यो हेतु कुल राशि 229.91 लाख रूपये की ऑनलाईन निविदायें दिनांक 24.02.2025 से दिनांक 07.03.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित किशोरपुरा मुक्तिधाम में पाने के पानी हेतु वाटर स्टोरेज टैंक निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 10.00 |
| 2 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में केशवपुरा फ्लाईओवर के नीचे सुलभ कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 14.69 |
| 3 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में आने वाली पुलिया, ओवर ब्रिज इत्यादि की दिवारो पर चित्रकारी/पुताई/पेन्टिंग का कार्य एवं अन्य कार्य। | 20.00 |
| 4 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में आने वाले नालो की पुलिया, ओवर ब्रिज इत्यादि पर दोनो तरफ लोहे रैलिंग लगाने का कार्य एवं अन्य कार्य। | 66.29 |
| 5 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 06 स्वामी विवेकानन्द नगर के सेक्टर 05 में आनन्देश्वर महादेव मन्दिर पार्क में पेयजल हेतु ट्यूबवेल मय सिंगल फैज विद्युत मोटर की स्थापना का कार्य। (विधायक कोष) | 1.50 |
| 6 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 77 शहरी स्वास्थ्य केन्द्र केशवपुरा में वाहन स्टेण्ड, इन्टरलॉकिंग लगाने एवं नाली निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्य। (विधायक कोष) | 10.00 |
| 7 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 77 शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के पास सार्वजनिक स्थान पर योग भवन में ऑपन जिम लगाने का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। (विधायक कोष) | 10.00 |
| 8 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 48 में स्थित गंगेश्वर पार्क में निर्माण/मरम्मत कार्य एवं अन्य विकास कार्य। (विधायक कोष) | 10.00 |
| 9 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में केशवपुरा सेक्टर 07 में श्री रामकिशन बैरवा के मकान के पास सार्वजनिक स्थान पर योग भवन निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्य। (विधायक कोष) | 10.00 |
| 10 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित आशापुरा माताजी मन्दिर के सामने सार्वजनिक स्थान पर विभिन्न प्रकृति के निर्माण/मरम्मत कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 52.40 |
| 11 | वार्ड नं. 25 श्री गुरू गोविन्द सिंह जी पार्क शास्त्री नगर कोटा में ऑपन जिम लगाने हेतु प्लेटफार्म निर्माण का कार्य। (विधायक कोष) | 2.00 |
| 12 | वार्ड नं. 67 में नाले के पास अरिहंत नमकीन के पास टीचर्स कॉलोनी केशवपुरा कोटा में सार्वजनिक स्थान पर योग भवन निर्माण कार्य। (विधायक कोष) पुनः निविदा तीसरी बार | 10.00 |
| 13 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 25 में स्थित कान्हा पार्क, कोटा में ऑपन जिम लगाने का कार्य। (विधायक कोष) | 4.09 |
| 14 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 36 पं. दीन दयाल नगर में मकान नं. 400 के सामने वाले पार्क में ऑपन जिम लगाने का कार्य। (विधायक कोष) | 4.09 |
| 15 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित किशोरपुरा श्मशान में बेरिकेटींग व रैलिंग लगाने का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 4.85 |

NIB Code No.DLB2425A5821

UBN No.

DLB2425WSOB17987 DLB2425WSOB17989 DLB2425WSOB17990
DLB2425WSOB17992 DLB2425WSOB17993 DLB2425WSOB17995
DLB2425WSOB17997 DLB2425WSOB17998 DLB2425WSOB18010
DLB2425WSOB18006 DLB2425WSOB18008 DLB2425WSOB18009
DLB2425WSOB18011 DLB2425WSOB18012 DLB2425WSOB18013

राज.संवाद/सी/24/12395 अधिशाषी अभियन्ता


# रिमांड अवधि पूरी होने पर पांच आरोपी कोर्ट में पेश

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर संभाग ब्यावर जिले के बिजयनगर कस्बे में स्कूली छात्राओं के देहशोषण, ब्लैकमेल एवं धर्मांतरण के मामले में रिमांड पर चल रहे 4 आरोपियों सहित गिरफ्तार किए गए और अन्य आरोपी को पुलिस गुरुवार को अजमेर पोक्सो कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने पूर्व पार्षद को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर पुनः सौंपा वहीं चार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए। पुलिस ने मामले में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ब्लैकमेल कांड को लेकर सर्वसमाज में आक्रोश व्याप्त है। एक मार्च को सर्वसमाज द्वारा अजमेर बंद का ऐलान किया गया है। अजमेर बंद को श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ सहित कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है।

पूर्व पार्षद को पांच दिन की रिमांड:- बिजयनगर थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि मामले में गिरफ्त पूर्व पार्षद सहित चार आरोपियों को गुरुवार सुबह अजमेर पॉक्सो कोर्ट लेकर पहुंचे। बिजयनगर थाना पुलिस भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया, जहां अजमेर पॉक्सो कोर्ट ने रिमांड पर चले रहे पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी, कैफे संचालक श्रवण और आशिक, करीम और बुधवार रात गिरफ्तार किए गए जावेद को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी को पुनः 5 दिन के पुलिस रिमांड तथा 4 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए। आरोपियों की पेशी के मद्देनजर कोर्ट परिसर छावनी बना रहा। मालूम हो कि पूर्व में पेशी के दौरान कोर्ट में वकीलों द्वारा आरोपियों की पिटाई की गई थी।

**एक आरोपी और चढ़ा हत्थे:**

सीओ सज्जन सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में एक और आरोपी को देर रात गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जावेद एक प्रकरण में बच्चियों को कॉल कर पीछा करता था।

## एडीजे कोर्ट खोलने की मांग

**रूपवास।** बयाना रूपबास विधायक डॉक्टर ऋतु बनावत ने विधानसभा सत्र में रूपवास अभिभाषक संघ द्वारा एसीजेएम कोर्ट एवं एडीजे कोर्ट की नियमित स्थापना नहीं होने तक पेन डाउन हड़ताल तथा धरना प्रदर्शन की बात रखते हुए रूपवास में एसीजेएम कोर्ट एवं एडीजे कोर्ट खोलने की मांग रखी। विधानसभा सत्र में बोलते हुए विधायक डॉक्टर ऋतु बनावत ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी भरतपुर के रहने वाले हैं और में भी भरतपुर की हूं इसलिए मैं आशा करती हूं कि मुख्यमंत्री मेरी और मेरे विधानसभा क्षेत्र की मांगों पर ध्यान अवश्य देंगे।

# सोनोग्राफी सेंटर अवैध झोलाछाप चिकित्सक पर कार्रवाई



भीलवाड़ा। सोनोग्राफी सेंटर पर छापा मारकर जांच की।

**भीलवाड़ा।** सोनोग्राफी सेंटर व एमटीपी एक्ट के तहत आज भीलवाड़ा के निजी सोनोग्राफी सेंटर भारद्वाज अल्ट्रासाउंड एवं अवैध क्लिनिक हरिपुरा मांडल पर कार्रवाई की गई, यह जानकारी मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर चेतेंद्र पुरी गोस्वामी द्वारा दी गई।

- **पुलिस प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन पर सीएमएचओ डॉक्टर गोस्वामी द्वारा जांच कमेटी गठित की गई जिसमें जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार शर्मा, ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर मनीष कुमार, पीसीपीएनडीटी समन्वयक रामस्वरूप सेन द्वारा सोनोग्राफी सेंटर भारद्वाज अल्ट्रासाउंड पर गहन निरीक्षण परीक्षण उपरांत पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सोनोठाफी मशीन सीजर की कार्रवाई की गई। उधर मांडल के हरिपुरा चौराहे पर स्थित क्लीनिक पर झोलाछाप सुरेश कुमार लावण्या क्लीनिक बंद करके भाग गया जिस पर विभाग द्वारा उपखंड अधिकारी मांडल छोटू लाल शर्मा के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सामगी सीजर की कार्रवाई कर पुलिस कार्रवाई की गई। समाचार लिखे जाने तक चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न कार्रवाई की जा रही है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, राज. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, वृत अजमेर**

Email I.D. :- seajm.rsamb@rajasthan.gov.in Ph. No. " 0145-2440233"

राजकाज क्रमांक : 13815881 दिनांक :- 25/02/2025

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 02/2024-25 (NIB No.AGM2425A0160)**

कृ.उ.म.स. केकड़ी एवं कृषि विभाग के जिला अजमेर, टोंक एवं सवाईमाधोपुर में विभिन्न किसान पथ रोड़ एवं भवन निर्माण तथा मरम्मत कार्य लागत राशि क्रमशः रू. 154.45, 158.70, 9.51, 9.18, 9.18 एवं 2.47 लाख की ऑन-लाईन बिड् ई- प्रोक्यूरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से दिनांक 10.03.2025/12.03.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं sppp.raj.nic.in (UBN No. AGM2425WSOB00696 to 701) पर भी दिनांक 03.03.2025 से देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/24/12339 अधीक्षण अभियंता

**कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर**

क्रमांक-उ.व.सं.धौ/लेखा/निविदा/2024-25/1522 दिनांक-17.02.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction of Toilets in Dholpur division are invited from interested bidders upto 2.00 PM, 26.02.2025. other particulars of bid may be visited on the procurement. portal http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 26.00 lakhs.

**UBN NO. FOR2425WSOB04576**

DIPR/C/2372/2025 DCF Dholpur

**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, जालोर**

क्रमांक-जिशिअ/माध्य./जा/शै.प्र./बोर्ड परीक्षा/2025/1315 दिनांक-24.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-1/बोर्ड परीक्षा 2025**

इस कार्यालय से बोर्ड परीक्षा-2025 के परीक्षा केन्द्रों एवं उत्तरपुस्तिकाओं के संग्रहण की वीडियोग्राफी प्रतिष्ठित फर्मो/अनुभवी वीडियोग्राफर से कराने हेतु ई-निविदा जारी की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 25 लाख रुपये है। ई-निविदा दिनांक 03.03.2025 को प्रात 10.00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 03.03.2025 को प्रात 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा htpp://sppp.rajasthan.gov.in, UBN NO. EDU2425SLOB00107 पर देखा जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदकों को निविदा इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट htpp://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करवानी होगी।

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, जालोर

DIPR/C/2730/2025

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**

PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE BEAWAR (DISTRICT-BEAWAR)

EMAIL: sephedbeawar@gmail.com

No. SE/CIRCLE BWR/2024-25/7052 Dated: 21.02.2025

**ONLINE NOTICE INVITING FOR TENDERS**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from enllsted contractors with the PHED Rajasthan and meeting eliglbihty criteria. The tender document can be downloaded from the wab site http://eproc.rajasthan.gov.in in details of the tender notification and pre-qualification criterla can also see in NIT exhiblted on web site http://sppp.rajasthan.gov.in

**NIB NO. PHE2425A4804**

| NIt No. | Work Description | Estimated Cost (Rs. in (Lacs) | Earnest Money (In Rs.) In favour of tender inviting authorlty | Tender Cost (In) Rupee) in favour of tender inviting authorlty | Processing Charges (In Rs.) In favour of MD,RISL, Jaipur | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15/24-25 | ANNUAL RATE CONTRACT FOR THE WORK OF CONSTRUCTION AND COMMISSIONING OF 150/200 mm. TUBE WELLS WITH PROVIDING INSTALLATION AND COMMISSIONING OF THREE PHASE/SINGLE PHASE POWER PUMP SET AND OTHER RELATED CIVIL AND ELECTRICAL WORKS IN R&D SUB DN BEAWAR, PRODUCTION SUB DN, BEAWAR & SUB DN. VUAYNAGAR UNDER JURISDICTION OF PHED DIVISION BEAWAR WITH 24 MONTH DEFECT LIABILITY PERIOD **(UBN NO.: PHE2425WSOB10424)** | 100.00 | 2,00,000/- | 1500/- | 1500/- | 12 Month |
| 16/24-25 | WORK OF DRILLING OF BOREHOLE FOR HAND PUMP WITH CONSTRUCTION OF SOCK PIT AND PLATE FORM AND PROVIDING INSTALLATION OF RELATED MATERIAL IN URBAN AND RURAL AREAS UNDER THE JURISDICTION OF PHED DIVISION BEAWAR **(UBN NO.: PHE2425WSOB10425)** | 100.00 | 2,00,000/- | 1500/- | 1500/- | 12 Month |
| 17/24-25 | WORK OF OPERATION AND MAINTENANCE OF PIPELINES IN VARIOUS WATER SUPPLY SCHEMES IN SUB DIVION RAIPUR UNDER JURISDICTION OF PHED DIVISION BEWAR ON ANNUAL RATE CONTRACT BASIS **(UBN NO.: PHE2425WSOB10426)** | 37.03 | 74,060/- | 1000/- | 500/- | 12 Month |
| 18-2025 | WORK OF TRANSPORTATION OF WATER THROUGH TANKERS IN VARIOUS VILLAGES OF TEHSIL MASUDA UNDER JURISDLCTION OF PHED DIVISION BEAWAR **(UBN NO.: PHE2425WSOB10427)** | 48.60 | 97,200/- | 1000/- | 500/- | 12 Month |
| 19-2025 | WORK OF TRANSPORTATION OF WATER THROUGH TANKERS IN VARIOUS VILLAGES OF TEHSIL VUAYNAGAR UNDER JURISDLCTION OF PHED DIVISION BEAWAR **(UBN NO.: PHE2425WSOB10428)** | 33.75 | 67,500/- | 1000/- | 500/- | 12 Month |
| 20-2025 | WORK OF TRANSPORTATION OF WATER THROUGH TANKERS IN VARIOUS VILLAGES OF TEHSIL JAITARAN UNDER JURISDLCTION OF PHED DIVISION BEAWAR **(UBN NO.: PHE2425WSOB10429)** | 40.50 | 81,000/- | 1000/- | 500/- | 12 Month |
| 21-2025 | WORK OF TRANSPORTATION OF WATER THROUGH TANKERS IN VARIOUS VILLAGES OF TEHSIL RAIPUR UNDER JURISDLCTION OF PHED DIVISION BEAWAR **(UBN NO.: PHE2425WSOB10430)** | 65.34 | 1,30,680/- | 1000/- | 500/- | 12 Month |

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 21.02.2025 से 02.03.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथी एवं समय | 21.02.2025 से 02.03.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी एवं समय | 02.03.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| प्री-क्वालीफिकेशन बिड खोलने की तिथी एवं समय | 03.03.2025 दोपहर 03.00 बजे |

Earnest Money/Bid Security, Tender Document Cost, and RISL Charges shall be deposited through e-Challan over e-GRASS website online in Favor of Executive Engineer, PHED Division Beawar (Office ID-11132) for NIT.

| S.No. | Datails | Budget Head | Deposlted through online e-Challan over website e-GRASS |
|---|---|---|---|
| 1 | Earnest Money | 8443-00-108-00-00 लोक निर्माण विभाग | In Favour of Executive Engineer, PHED Division Beawar (Office ID-11132) |
| 2 | Tender Document Cost | 0075-00-800-52-01 निविदा शुल्क की प्राप्तियां | |

DIPR/C/2758/2025 (SAMPAT LAL JEENGAR) SUPERINTENDING ENGINEER, PHED CIRCLE BEAWAR

